कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

श्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की संचालन समिति के लिए आयोजित तीसरी बैठक की अध्यक्षता की

श्री धर्मेंद्र प्रधान ने सभी मंत्रालयों द्वारा कौशल विकास हेतु होने वाले प्रयासों के बीच अधिक समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया

Posted On: 04 JAN 2023 6:57PM by PIB Delhi

मुख्य बिंदुः -

चर्चा कौशल विकास योजनाओं, कौशल अंतराल विश्लेषण एवं कौशल मानचित्रण, भारतीय युवाओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने, उभरती प्रवृत्तियों को प्रतिबिंबित करने के लिए आवश्यक पाठ्यक्रम विकसित करने और कौशल विकास से संबंधित विभिन्न पोर्टलों के बीच तालमेल बनाने पर केंद्रित थी।

केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन की संचालन समिति के लिए आयोजित तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर तथा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान श्री प्रधान ने कौशल विकास के प्रयासों में हुई प्रगति और भविष्य की कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने बैठक में अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इनमें कौशल विकास योजनाओं का अभिसरण तैयार करना, कौशल अंतर विश्लेषण एवं कौशल मानचित्रण, भारतीय युवाओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ना, उभरती प्रवृत्तियों को प्रतिबिंबित करने के लिए आवश्यक पाठ्यक्रम विकसित करना और कौशल विकास से संबंधित विभिन्न पोर्टलों के बीच तालमेल स्थापित करना आदि शामिल था।

श्री प्रधान ने सभी मंत्रालयों द्वारा कौशल विकास हेतु होने वाले प्रयासों के बीच अधिक समन्वय स्थापित करने, सभी हितधारकों द्वारा कौशल विकास में निवेश करने, उद्योग जगत की वास्तविकताओं के साथ विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने तथा बड़े पैमाने पर बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए तेजी से कार्यान्वयन का आह्वान किया।

*****

एमजी/एएम/एनके/डीके-

(Release ID: 1888671) Visitor Counter : 150

Read this release in: English , Urdu , Marathi , Punjabi , Telugu